परेशानी : कुत्तों की नसबंदी करने नगरपालिका को नहीं मिल रहे ठेकेदार

शहर में बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या

नपा ने चार बार निकाले टैंडर, नहीं मिला ठेकेदार

नवभारत न्यूज

बैतूल, 24 जनवरी. शहर में कुत्तों से लोगों को बचाने के लिए नगरपालिका की ओर से टेंडर लगाए जा रहे हैं, लेकिन ठेकेदार नहीं मिल रहे हैं।

आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए किसी भी ठेकेदार की ओर से दिलचस्पी न दिखाने की वजह से टेंडर रद्द हो रहे है, जबकि नगरपालिका द्वारा आवारा कुत्तों की नसबंदी कराने के लिए चार बार टेंडर निकाले जा चुके है। ठेकेदार नहीं मिलने से नगरपालिका अभी तक आवारा कुत्तों की नसबंदी का काम शुरू नहीं कर पाई है। दूसरी ओर लोग आवारा कुत्तों से परेशान हैं। शहर की मुख्य सड़कों के साथ-साथ गलियों में आवारा कुत्तों की बड़ी संख्या देखी जा रही है, जो झुंड बनाकर सड़कों पर घूमते है या बैठे रहते है, जो रात्रिऍलोगों को देखकर हमला बोल कर उन्हें काट भी लेते हैं। इससे भी बड़ी चिंता की बात यह है कि इनकी संख्या तेजी से बढ़ रही है। लोग मांग करते हैं कि आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या पर अंकुश लगाया जाए।ऍजसके लिए नगरपालिका ऐसी संस्था या ठेकेदार की तलाश में है जो यह कार्य कर सके। इस कार्य के लिए नगरपालिका ने 15 लाख रुपये का बजट भी रखा है। लेकिन ठेकेदार नहीं मिलने से आवारा कुत्तों की नसबंदी नहीं हो पा रही है। जिससे लोगों को आवारा कुत्तों के आतंक से काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। बताया जाता है कि इस कार्य का पशु प्रेमियों द्वारा खासा विरोध

किया जाता है। जिसके चलते ठेकेदार यहां पर यह कार्य करना ही नहीं चाहते हैं।

दो साल पहले हुआ था यह कार्य : जानकारों का कहना हैऍक 2023 में नगरपालिका ने कुत्तों की नसबंदी का कार्यऍशुरू करवाया था। उस समय एक कुत्ते की नसबंदी और टीकाकरण पर नगरपालिका 653 रुपये दे रही थी। करीब 700 कुत्तों की नसबंदी उस दौरान हुई थी। उस समय भी विरोध के चलते यह कार्य बीच में ही बंद करना पड़ा था। उसके बाद अब यह कार्य कोई करना ही नहीं चाह रहा है। यही कारण है कि लोगों की परेशानियां बढ़ रही है। कुत्तों को लेकर एक नियम यह भी है कि यदि कोई कुत्ता पाल भी रहा है तो उसके लिए भी नगरपालिका में रजिस्ट्रेशन करवाना होता है। ऐसा नहीं करवाने पर मालिक के विरूद्ध एफआईआर तक करवाई जा सकती है। इसके बावजूद कोई भी रजिस्ट्रेशन नहीं करवाता है। इससे पालतू कुत्तों की भी कोई जानकारी नहीं मिल पाती। बताया जाता है कि जिला अस्पताल में एक साल के भीतर डॉग बाइटऍके 800 से एक हजार केस जिला अस्पताल पहुंच चुके है ऍजानकार बताते है कि आवारा कुत्तों में रैबिज का खतरा अधिक रहता है।

> आवारा कुत्तों की नसबंदी के लिए चार बार टैंडर निकाले जा चुके है, लेकिन एक भी ठेकेदार सामने नहीं आया। अब पांचवी बार टैंडर निकाले जा रहे है, उम्मीद है कि इस बार कोई ठेकेदार मिल जाये।
> **संतोष धनेलिया,** स्वच्छता प्रभारी, नगरपालिका बैतूल

आवारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण नहीं

शहर में कुत्तों की तेजी से संख्या बढ़ रही है। विश्वसनीय सूत्रों के अनुमान के मुताबिक शहर में आवारा कुत्तों की संख्या एक हजार से अधिक होने का अनुमान है। पिछले कुछ समय में कुत्तों की संख्या में लगातार इजाफा हुआ है, जिसकी मुख्य वजह नपा द्वारा कुत्तों की संख्या पर नियंत्रण नहीं किया जाना बताया जा रहा है। नगरपालिका के पास शहर में आवारा कुत्तों का कोई आंकड़ा नहीं है। लोगों की माने तो हरेक वार्ड में 25 से 35 औसत कुत्ते हो सकते हैं। जिस पर किसी का नियंत्रण नहीं है और यह सीजन दर सीजन बढ़ते ही जा रहे हैं। लोगों ने बताया कि कुत्ते झुंड सडक पर घूमते हैं। पैदल चलने वालों पर झुंड में हमला कर देते हैं। इससे लोगों को खतरा बना हुआ है।

आवारा कुत्तों से छोटे बच्चों को ज्यादा खतरा

छोटे बच्चों के लिए आवारा कुत्ते ज्यादा बड़ा खतरा हैं। कुत्तों के लिए छोटे बच्चे आसान शिकार होते हैं। पिछले दिनों कई क्षेत्रों से आवारा पागल कुत्तों द्वारा छोटे बच्चों को काट लेने की खबरें आई। कईज़्लोग भी कुत्तों के काटने का शिकार हुआ है।ज़िला अस्पताल में एक साल के भीतर डॉग बाइटज़्के 800 से एक हजार केस जिला अस्पताल पहुंच चुके है। जानकार बताते है कि आवारा कुत्तों में रैबिज का खतरा अधिक रहता है। ऐसे कुत्ते यदि किसी इंसान को काट ले और उसका समय पर इलाज न कराया जाये तो यह जानलेवा भी साबित हो सकता है। इधर कुछ पशुपालक भी कुत्तों को जरूर पालते है, लेकिन उन्हें समय पर टीका नहीं लगाते है या लापरवाही करते है। इस तरह की लापरवाही न सिर्फ अन्य लोगों के लिए घातक साबित होती है, बल्कि पालतू पशुओं, कुत्तों के लिए भी घातक है।

एक नजर में

धूमधाम से मनाया जायेगा गणतंत्र दिवस

बैतूल। फूले शाहू अम्बेडकर वरिष्ठ नागरिक जन जागृति समिति द्वारा कल सोमवार को अम्बेडकर चौक पर सुबह 8:30 बजे गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। समिति सचिव एमएल पाटील ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अध्यक्ष एएल चौकीकर द्वारा झंडा फहराकर किया जाएगा जिसके बाद संबोधन व मिष्ठान वितरण किया जाएगा। समिति के एमएल पाटील, एफएल शरणकर, नत्थु मांडवे, पीएल खातरकर, मधु पाटील, तुकाराम लोखंडे, एलएल नागले, भाउराव उबनारे, गुलाब पाटील, भाउराव भालेकर आदि ने उपस्थित होने का आग्रह किया है।

कांग्रेस कमेटी गांधी चौक पर करेंगी ध्वजारोहण

बैतूल। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल द्वारा गांधी चौक, कोठी बाजार में झंडा वंदन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम सुबह ठीक 8 बजे प्रारंभ होगा, जिसमें कांग्रेस के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक बड़ी संख्या में शामिल होकर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे और गणतंत्र दिवस को उत्साह व गरिमा के साथ मनाएंगे। जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा ने सभी कांग्रेसजनों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस संविधान, लोकतंत्र और राष्ट्रीय एकता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के संदेश का वाचन जिला कांग्रेस अध्यक्ष निलय डागा द्वारा किया जाएगा। संदेश के माध्यम से संविधान की भावना, लोकतांत्रिक मूल्यों और देश की एकता-अखंडता के महत्व पर प्रकाश डाला जाएगा। झंडा वंदन के साथ कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ होगा।

ग्राम धौल के अनुराग झरबड़े बने अग्निवीर

बैतूल। जिला मुख्यालय के अंतर्गत आने वाले ग्राम धौल निवासी अनुराग झरबड़े पिता स्व.गिरधारी लाल झरबड़े का चयन अग्निवीर योजना के अंतर्गत होने से पूरे गांव में खुशी और गर्व का माहौल है। अनुराग झरबड़े के चयन को ग्राम धौल के लिए सम्मान की बात माना जा रहा है।

नपा ने पीएम स्वनिधि हितग्राहियों को बांटे क्रेडिट कार्ड

सारनी। नगर पालिका परिषद ने पीएम स्वनिधि योजना के ऋण एवं क्रेडिट कार्ड स्वीकृति पत्रों का हितग्राहियों को वितरण किया.नगर पालिका सभाकक्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण किया गया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, योजना शाखा के सभापति भीम बहादुर थापा, पार्षद प्रवीण सोनी, बेबी बिंझाड़े, गणेश महस्की, जफर अंसारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी सीके मेश्राम, डे एनयूएलएम के नोडल अधिकारी केके भावसार उपस्थित

थे। इस अवसर पर पी.एम. स्वनिधि योजना के तहत सारनी नगर पालिका क्षेत्र के हितग्राहियों को ऋण स्वीकृति पत्र बांटे गए। योजना के तहत हाल ही में हितग्राहियों के लिए क्रेडिट कार्ड योजना लागू की गई। निकाय क्षेत्र के हितग्राहियों को क्रेडिट कार्ड योजना के तहत स्वीकृति पत्र बांटे गए। नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा छोटा व्यवसाय करने वाले स्ट्रीट वेंडरों को बिना गारंटी के ऋण उपलब्ध कराकर आजीविका की नई राह दी है। उन्होंने कहा कोरोना महामारी के बाद सड़क किनारे व्यवसाय करने वालों पर संकट आ गया था, लेकिन प्रधानमंत्री ने पी.एम. स्वनिधि योजना लागू कर ऐसे व्यवसायियों का सम्मानपूर्वक जीवन जीने का सपना साकार किया है। कार्यक्रम में सहायक लेखाधिकारी ब्रजेश नागर, उपयंत्री कमलेश पटेल, नितिन मीणा, सिटी मिशन मैनेजर, मनोज परते, निधि मेरावी, डे एनयूएलएम प्रभारी रंजीत डोंगरे, कीर्ति नायक, कामदेव सोनी, प्रताप सिंदूर के अलावा अन्य अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित थे।

निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 250 मरीजों की जांच

मुलताई। प्रभात पट्टन ब्लॉक के ग्राम रायआमला में गुरुवार को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया द्य प्रभात पट्टन भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़ ने बताया ग्राम रायआमला में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में जेके मेडिकल कॉलेज भोपाल के विशेषज्ञ डॉक्टर द्वारा लगभग 250 से अधिक मरीजों की जांच की गईं द्य जांच उपरांत 101 मरीजों को उपचार के लिए बस द्वारा जेके मेडिकल कॉलेज भोपाल भेजा गया। विधायक चंद्रशेखर देशमुख

द्वारा बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया, उपचार के बाद मरीज को पुन: राय आमला पहुंचाया जाएगा द्य मरीज के लिए समुचित व्यवस्था एवं साधन निशुल्क रहेंगे।

इस अवसर पर विधायक चंद्रशेखर देशमुख, प्रभात पट्टन भाजपा मंडल अध्यक्ष सतीश धाकड़, वरिष्ठ भाजपा नेता मंगल कुमार नरवरे, राजेश पाठक, जनपद सदस्य नितेश काले, सरपंच सुमन डांगे, महेंद्र खाकरे का विशेष सहयोग रहा।

गणतंत्र दिवस की फाइनल रिहर्सल सम्पन्न

बैतूल। जनवरी गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह की तैयारियों के तहत फाइनल रिहर्सल आज शनिवार कों सफलतापूर्वक सम्पन्न की गई हैं।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्री वीरेंद्र जैन, अपर कलेक्टर श्रीमती वंदना जाट, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी, एसडीएम अभिजीत सिंह सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहें। रिहर्सल के दौरान मुख्य अतिथि के आगमन,परेड निरीक्षण, संदेश वाचन, हर्ष फायर, परेड, पीटी प्रदर्शन,सांस्कृतिक कार्यक्रमों, मंच संचालन एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का अभ्यास किया गया। रिहर्सल में सभी संबंधित विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पुलिस बल, होम गार्ड, एनसीसी, स्काउट-गाइड, छात्र-छात्राएँ एवं अन्य प्रतिभागियों ने अनुशासन एवं समन्वय के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान समयबद्धता एवं व्यवस्थाओं का विशेष ध्यान रखा गया। प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस समारोह को गरिमामय एवं सुव्यवस्थित रूप से आयोजित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए।

पंचकर्म चिकित्सा से स्त्री रोगों में मिल रही राहत

बैतूल। जिले में महिलाओं को स्त्री रोगों सहित अनेक पुरानी व जटिल बीमारियों में पंचकर्म चिकित्सा से राहत मिल रही है। जिला आयुर्वेद चिकित्सालय टिकारी, मुख्य जिला चिकित्सालय परिसर स्थित आयुष विंग एवं भैसदेही में विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में महिला थेरेपिस्ट द्वारा पंचकर्म चिकित्सा की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। यहां डॉक्टर प्रियंका उईके (विशेषज्ञ आयुर्वेद), डॉक्टर रीना चौकीकर, डॉक्टर सरिता डेहरिया एवं डॉक्टर प्रमोद बारस्कर सेवाएं दे रहे हैं। सर्दियों के मौसम में शीत के प्रभाव से संधियों, हड्डियों, जोड़ों व स्नायु तंत्र के पुराने दर्द उभर आते हैं। पंचकर्म चिकित्सा से संधिवात,

गठिया, वात रोग, पक्षाघात, मधुमेह, सोरायसिस, एक्जिमा, त्वचा रोग, कास, दमा, माइग्रेन, अर्श, भगंदर, श्वेत प्रदर (सफेद पानी की समस्या), बंध्यत्व, एसिडिटी सहित अन्य रोगों में लाभ मिल रहा है। जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में शशिकला खासदेव, शारदा मोरे, सरिता कुडारिया व सविता मसराम, आयुष विंग में वंदना पंडागरे व संगीता धुर्वे तथा भैसदेही में पुष्पा चौहान द्वारा महिला पंचकर्म थेरेपी कराई जाती है। चिकित्सकों ने नगर की महिलाओं से अपील की है कि वे अपने समीपस्थ पंचकर्म केंद्र में जाकर उपचार का लाभ अवश्य लें।

वार्षिकोत्सव में नन्हें बच्चो ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति

मुलताई। नगर के सनराइज पब्लिक स्कूल में शुक्रवार की शाम स्कूल का वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। जिसमे नन्हे नन्हे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमती कमला यादव एवं स्कूल के संचालक अरुण यादव ने मां सरस्वती की पूजा कर किया गया। कार्यक्रम में डिजिटल स्टेज बनाया गया था। जिस पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक से बढकर एक गीत, नाटक,डांस, संगीत की प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। विशेष सुसज्जित वेशभूषा में बच्चों ने आता माझी सटकली तारक मेहता का उल्टा चश्मा दिल दिया है, जान भी देंगे, ए वतन,ए वतन,जैसे देशभक्ति एवं सामाजिक गीतों की प्रस्तुति दी।कार्यक्रम में कांग्रेस नेता रामू टेकाम मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे दर्शकों द्वारा कार्यक्रम देखकर, खूब ताली बजाई, एवं प्रतिभागियों की प्रशंसा की। कार्यक्रम में अधिवक्ता जीजी घोड़े, पूर्व ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष किशोर परिहार,कांग्रेसी नेता गुड्डू मानकर,कीर्ति यादव,युवा नेता लोकेश यादव, सनराइज पब्लिक स्कूल के संचालक अरुण यादव सहित स्कूल के शिक्षक एवं बच्चे उपस्थिति रहे।

युवक के खिलाफ थाने में एफआईआर दर्जज़

सारनी। हिन्दू मुस्लिम की भावना को ठेस पंहुचाने वाले युवक पर एफआईआर दर्ज हुई है। टीआई जयपाल इवनाती ने बताया कि फरियादी आयुष पिता रंजीत सिंह, उम्र 24 वर्ष, निवासी एलआईसी ऑफिस के पीछे, बगडोना की रिपोर्ट पर जांच के बाद प्रकरण दर्ज किया है। उन्होंने कहा कि एबीवीपी संगठन द्वारा बाबा मठारदेव मेले में भंडारे का आयोजन किया गया था, जिसमें हिंदू एवं मुस्लिम दोनों समुदाय के लोगों द्वारा सहभागिता की गई थी.इसी बात को लेकर आरोपी अंकित पंडोले द्वारा अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से 21 जनवरी को एक वीडियो बनाकर अपलोड किया गया, जिसमें आरोपी द्वारा बाबा मठारदेव की नगरी में मुस्लिम समाज के लोगों को प्रवेश न करने देने जैसे आपत्तिजनक शब्दों का प्रयोग किया गया तथा हिंदू भाइयों को गाली देकर उकसाने का प्रयास किया गया। टीआई श्री इवनाती ने कहा कि वीडियो में आरोपी द्वारा मुस्लिम समाज के लोगों के लिए सीधे तौर पर अभद्र एवं अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर शहर की सौहार्दता, भाईचारा एवं अमन-चैन को बिगाड़ने, सामाजिक वातावरण को खराब करने तथा दोनों समुदायों की धार्मिक भावनाओं को आहत करने का कृत्य किया गया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 24/26, धारा 299, 302 बीएनएस के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। पुलिस अधीक्षक बैतूल श्री वीरेन्द्र जैन द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की शीघ्र गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए हैं।अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती कमला जोशी एवं एसडीओपी सारणी सुश्री प्रियंका करचाम के मार्गदर्शन में थाना सारणी पुलिस की टीम गठित कर आरोपी अंकित पंडोले की तलाश एवं पतारसी की जा रही है।

तिगांव पांढुर्णा, इटारसी, विजय वॉर्यस के बीच होगा क्वाटर फायनल

सारनी।ऍव. विजय कुमार खंडेलवाल जी की स्मृति में आयोजित राज्य स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट टूर्नामेंट पहला मैच बाहरी पुल से पहला मैच कोरबा इलेवन बिलासपुर व भोपाल इलेवन भोपाल के बीच खेला गया।ऍपहले बल्लेबाजी करते हुए भोपाल इलेवन भोपाल ने 10 ओवर में 5 विकेट खोकर 127 रन बनाएं। 128 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी कोरबा इलेवन बिलासपुर ने 10 ओवर में 6 विकेट खोकर 87 रन ही बना पाई और यह मैच 41 रनों से हार गई. मैच के मैन ऑफ द मैच नजीर जिन्होंने 9 गेंद पर 38 रन और

गेंदबाजी में दो विकेट हासिल किए। दूसरा मैच लक्की फाइटर इलेवन अमरवाड़ा व विजय वॉरियर्स जैन इलेवन के बीच क्वाटर फायनल खेला गया।ऍपहले बल्लेबाजी करते हुए लक्की फाइटर अमरवाड़ा ने 10 ओवर में 7 विकेट खोकर महज 73 रन ही बना पाई 74 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी विजय वॉरियर्स इलेवन मध्यप्रदेश ने पांच ओवर में तीन विकेट खोकर 74 रन बना लिए और यह मैच 7 विकेट से जीत लिया। इस मैच के मैन ऑफ द मैच आशीष जिन्होंने 9 गेंदों पर 28 रन की पारी खेली। तीसरा मैच इलेवन भोपाल व विजय वॉरियर्स इलेवन के बीच खेला गया।ऍपहले बल्लेबाजी करने उतरी विजय वॉरियर्स ने 10 ओवर मे 7 विकेट खोकर 131 रन बनाएं। 132 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भोपाल इलेवन भोपाल ने 10 ओवर में 8 विकेट खोकर महज 66 रानी बन पाई और यह मैच 66 रन से हार गई।ऍस मैच के मैन ऑफ द मैच हैमर जिन्होंने 13 गेंद पर 35 रन की पारी खेली।ऍआज मुख्य अतिथियों में श्रमिक नेता महेन्द्र सिंह ठाकुर महेन्द्र यादव, कमलेश डिगरसे, सुधा चन्द्रा, ने मैन ऑफ द मैच के पुरस्कार वितरण किया।

बसंत पंचमी प्रकृति के नवपरिवर्तन का प्रतीक : डॉ. गुगनानी

बैतूल। जिले के अग्रणी महाविद्यालय प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस जेएच कॉलेज में प्राचार्य डॉ. मीनाक्षी चौबे के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ द्वारा बसंत पंचमी उत्सव एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर विशेष व्याख्यान और परिचर्चा का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. प्रवीण गुगनानी, विशिष्ट अतिथि संजय घिण्डोड़े एवं वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रो. अर्चना सोनारे द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष माल्यार्पण और पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इस अवसर पर पूनम एवं साथियों ने प्रार्थना गीत प्रस्तुत किया। भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के संयोजक

प्रो. राकेश कुमार पवार ने भूमिका वक्तव्य में कहा कि बसंत पंचमी भारतीय ज्ञान परंपरा में प्रकृति के साथ सामंजस्य और वसंत ऋतु के आगमन का संदेश देती है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम में नेताजी सुभाष चंद्र बोस का व्यक्तित्व दृढ़ इच्छाशक्ति, संगठन क्षमता, साहस और समर्पण का प्रतीक है। मुख्य वक्ता डॉ. प्रवीण गुगनानी ने बसंत पंचमी के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए इसे ज्ञान की देवी मां सरस्वती के प्राकट्योत्सव और प्रकृति में होने वाले नवपरिवर्तन के स्वागत का पर्व बताया। साथ ही उन्होंने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के क्रांतिकारी विचारों, आत्मसम्मान और साहसिक नेतृत्व पर विस्तार से चर्चा की।

लोकगीत प्रतियोगिता हुई आयोजित : विशिष्ट अतिथि संजय घिण्डोड़े ने विद्यार्थियों से भारतीय ज्ञान परंपरा के विभिन्न आयामों को जानने और समझने का आग्रह किया। सुदामा लहरपुरे ने मां सरस्वती के प्राकट्य और पुराणिक दृष्टांतों के माध्यम से ज्ञान के प्रति समर्पण पर विचार रखे। लोकगीत प्रतियोगिता में भावना सूर्यवंशी ने प्रथम, पूनम ने द्वितीय और अंकिता सूर्यवंशी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम का संचालन प्रो. संतोष पवार ने किया और आभार प्रदर्शन प्रो. योगेश्वरी पवार ने किया। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी प्रो. शंकर सातनकर, डॉ. भोलु मर्सकोले, प्रो. मनेष मानेकर, डॉ. लोकेश नरवरे, डॉ. राहुलसिंह ठाकुर, प्रो. हितेश जैन सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

बुद्ध विहार प्रबंधक समिति की बैठक कल

बैतूल। पंचशील बुद्ध विहार प्रबंधक समिति का कार्यकाल 26 जनवरी 2026 को समाप्त हो रहा है। विहार के नियमित एवं सुचारु संचालन को ध्यान में रखते हुए नई कार्यकारिणी के गठन की प्रक्रिया प्रारंभ की जा रही है। इसी क्रम में 26 जनवरी को दोपहर 1 बजे पंचशील बुद्ध विहार, सदर बैतूल में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता आयु. संदीप पाटिल द्वारा की जाएगी। बैठक में वर्तमान कार्यकारिणी के कार्यकाल की समाप्ति के पश्चात अध्यक्ष सहित नई कार्यकारिणी का गठन किया जाएगा, ताकि विहार की व्यवस्थाएं और गतिविधियां निरंतर एवं व्यवस्थित रूप से संचालित की जा सकें।

शनिवार तक चला नाम सुधार, जोड़ने का काम

पाथाखेड़ा। नगर पालिका परिषद सारनी में मतदाता नाम सुधार व जोड़ने का कार्य निरंतर, अधिकारियों ने दिखाई संवेदनशीलता,सारनी नगर पालिका परिषद सारनी में मतदाता सूची से संबंधित नाम जोड़ने व त्रुटि सुधार का कार्य लगातार और व्यवस्थित रूप से किया जा रहा है। नगर पालिका अधिकारी एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सी.के. मेश्राम ने बताया कि बीएलओ (बूथ लेवल अधिकारी) के माध्यम से सैकड़ों नागरिकों के नामों में हुई गड़बड़ियों को पुन: आवेदन लेकर सुधार किया जा रहा है, ताकि कोई भी पात्र मतदाता अपने अधिकार से वंचित न रहे। इस महत्वपूर्ण कार्य के दौरान नायब तहसीलदार संतोष पथोरिया एवं सीएमओ

सी.के. मेश्राम, जो अतिरिक्त सहायक निर्वाचन अधिकारी विधानसभा क्षेत्र भी हैं, स्वयं उपस्थित रहकर नागरिकों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते नजर आए। नगर पालिका परिसर में दूरङ्कदराज़ क्षेत्रों से आए लोगों के आवेदनों को प्राथमिकता के आधार पर स्वीकार किया गया तथा उन्हें आवश्यक मार्गदर्शन भी प्रदान किया गया। अधिकारियों की सक्रियता और संवेदनशीलता से आम नागरिकों में भरोसा बढ़ा है। मतदाता सूची को शुद्ध और अद्यतन बनाने की इस पहल को लोकतंत्र को मजबूत करने की दिशा में एक सकारात्मक कदम माना जा रहा है। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा किए जा रहे इस निरंतर प्रयास से आगामी निर्वाचन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सहभागिता सुनिश्चित होगी।